**VASISHTHA GENESIS SCHOOL, BARDOLI**
**(Academic Session 2025-26)**

**Date: ________ Class: 5 Div: A /C Roll No: ______ Sub: 2LHindi**
**Name: ________________________________________ Worksheet: 2**

## पाठ-2 बालक चंद्रगुप्त

**प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर : ( पाठ-चर्चा )**

i. **बालक किसका अभिनय कर रहा था ?**
उत्तर: बालक राजा का अभिनय कर रहा था |

ii. **ब्राह्मण ने बालक से गाय क्यों माँगी ?**
उत्तर: ब्राह्मण ने दूध पीने के लिए बालक से गाय माँगी |

iii. **बालक के पिता कौन थे ? वे कहाँ थे ?**
उत्तर: बालक के पिता मौर्य सेनापति थे, वे मगध के राजा महापद्मनंद की कैद में थे |

iv. **बालक की माँ ने ब्राह्मण के सामने हाथ क्यों जोड़े ?**
उत्तर:अपने पुत्र की धृष्टता की माफ़ी माँगने के लिए बालक की माँ ने ब्राह्मण के सामने हाथ जोड़े |

**अधिकतम शब्दों में -**

i. **बालक क्या कर रहा था ?**
उत्तर: बालक मौर्य सेनापति के घर के सामने खेल रहा था | उसके साथी उसकी प्रजा बने थे और वह राजा | उन्हीं लड़कों में से वह किसी को घोड़ा और किसी को हाथी बनाकर चढ़ने और दंड या पुरस्कार देने का राजकीय अभिनय कर रहा था |

ii. **बालक ने सिंह को पिंजड़े से बाहर कैसे निकाला ?**
उत्तर: बालक ने लोहे की शलाकाओं को गरम करके उस सिंह को पिघलाकर पिंजरा खाली कर दिया |

iii. **ब्राह्मण ने बालक को राजकुल भेजने का आग्रह क्यों किया ?**
उत्तर: ब्राह्मण ने बालक के खेल को बड़े ध्यान से देखा | उन्होंने देखा कि बालक वीर, साहसी और उदार है | यह एक अच्छा राजा बन सकता है, ऐसा सोचकर ब्राह्मण ने बालक की मानसिक उन्नति के लिए उसे राजकुल भेजने का आग्रह किया |

iv. **राजसभा में मोम का सिंह किसने और क्यों भेजा था ?**
उत्तर: उस दौर के राजा एक-दूसरे के बल, बुद्धि और वैभव की परीक्षा लेने के लिए तरह-तरह के उपाय करते थे | किसी राजा ने, नंद के सभासदों की बुद्धि का अनुमान करने के लिए, लोहे के पिंजरे में मोम का सिंह भेजा था |

v. **राजा ने प्रसन्न होकर क्या किया ?**
उत्तर: राजा ने बालक की वीरता, बुद्धिमत्ता और सूझबूझ से प्रभावित और प्रसन्न होकर उसे तक्षशिला के विश्वविद्यालय में पढ़ने के लिए भेज दिया |

**प्रश्न 2. दिए गए पाठांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

इतना कहकर बालक को आशीर्वाद देकर वह चला गया | उसकी माँ, बहुत डरते-डरते एक दिन अपने चंचल और साहसी लड़के को लेकर राजसभा में पहुँची | महापद्मनंद निष्ठुर और मूर्ख राजा था | उसकी राजसभा बड़े-बड़े चापलूस मूर्खों से भरी रहती थी |

i. **वह बालक को क्या देकर चला गया ?**
उत्तर- वह बालक को आशीर्वाद देकर चला गया |
उत्तर - ----------------------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------------------

ii. **माँ अपने साहसी बालक को लेकर कहाँ गईं ?**
उत्तर- माँ बालक को लेकर राजसभा गईं |
उत्तर - ----------------------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------------------

iii. **राजा का नाम क्या था ? वह कैसा था ?**
उत्तर- राजा का नाम महापद्मनंद था और वह निष्ठुर और मूर्ख था |

उत्तर - ----------------------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------------------

**प्रश्न 3. दिए गए शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए -**

**( तुरंग, अश्व, पावक, नृप, बेवकूफ़, घर, नरेश, नासमझ, आग, हुक्म, आज्ञा, आलय )**

i. गृह - --------------------- ---------------------

ii. राजा - --------------------- ---------------------

iii. घोड़ा - --------------------- ---------------------

iv. मूर्ख - --------------------- ---------------------

v. आदेश - --------------------- ---------------------

vi. अग्नि - --------------------- ---------------------